<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजित</u>

पन्तनगर। 08 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बेनी गांव में लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गई। विश्व स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य के सुदृढ़ उद्देश्यों की आपूर्ति हेतु पूरे विश्व में स्वास्थ्य सम्बंधी कार्यो के साथ बढ़–चढ़ कर मनाया जाता है। इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुये मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों द्वारा बेनी गांव के लोगों को रैली एवं नुक्कड़ नाटक द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि 'विश्व स्वास्थ दिवस' कार्यक्रम के अवसर पर बेनी क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु आयोजित किया गया है। उन्होंने स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया एवं आह्वान किया कि आपका पहला कर्तव्य बौद्धिक विकास है परंतु आपके अंदर स्नेह, सहानभूति, सेवा जैसे भाव भी होने चाहिए तभी आपका विकास होगा। उन्होंनें चरित्र निर्माण, उदारता एवं समाज को समझने पर जोर दिया। इस अवसर पर सौम्या सिंघल, हर्षित जोशी, श्रेष्ठी सक्सेना, हार्दिक सिंह, रितिका सिंह, वर्षा खत्री, प्रांजल मिश्रा इत्यादि मौजूद थे।




*विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर लोगों के साथ राष्ट्रीय सेवायोजन इकाई के अधिकारी*